खबर संक्षेप

## नाबालिग बालिका हुई दस्तयाब

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित गुमशुदगी नाबालिग बालिका/बालक के प्रकरणों की समीक्षा की गई थी। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक प्रकरणों का आवलोकन कर थाना प्रभारियों को दस्तयाबी के लिए समुचित निर्देश दिये गए थेए जिसके तारतम्य में थाना जैतपुर पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका की दस्तयाबी की गई। 17 मई को थाना कोतवाली अंतर्गत अज्ञात व्यक्ति द्वारा 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की गुमशुदा रिपोर्ट परिजनों द्वारा दर्ज करायी गई थी। जिस पर जैतपुर पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिसके उपरांत जैतपुर पुलिस द्वारा परिजनों से महत्तवपूर्ण जानकारी इक_ा कर पतासाजी की गई एवं सूचना मिलने पर दस्तयाबी हेतु तत्काल रवाना हुए। जिस पर 02 अगस्त को नाबालिग बालिका को ग्राम नरवार थाना बिरसिंहपुर पाली से दस्तयाब कर सही सलामत परिजनों को सुपुर्द किया।

## वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई का वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न



**शहडोल।** 03 अगस्त रविवार को शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय विचारपुर के कन्या छात्रावास परिसर में वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की महिला जिला इकाई द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वैश्य महासम्मेलन की जिला इकाई के सहयोग से सम्पन्न हुआ। प्राकृतिक सौंदर्य से युक्त विद्यालय परिसर में आयोजित इस आयोजन में छात्रावास की कन्याओं एवं स्टाफ के साथ-साथ वैश्य महासम्मेलन के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महामंत्री पदम खेमका, संभागीय अध्यक्षा श्रीमती शांति गुप्ता, संभागीय प्रभारी श्रीमती सत्यभामा गुप्ता, महिला जिला प्रभारी श्रीमती निर्मला गुप्ता, श्रीमती शशि गुप्ता, जिला महिला इकाई अध्यक्ष श्रीमती शोभना गुप्ता, श्रीमती अर्चना गुप्ता, श्रीमती मंजू गुप्ता, श्रीमती मंजू जायसवाल, जवाहर सोनी, मुकेश अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष जे.पी. गुप्ता, महामंत्री के.पी. साहू एवं प्रो. जे.पी. गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्राओं को वृक्षारोपण के महत्व की जानकारी दी गई तथा उन्हें पौधों की देखभाल और संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। कन्याओं ने पौधों की नियमित देखरेख करने का वचन भी दिया। कार्यक्रम का वातावरण हर्षोल्लास और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता से परिपूर्ण रहा।

## ग्राम पंचायत सचिव बिजहा निलंबित

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत बिजहा में पदस्थ सचिव साधुलाल पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई नल-जल योजना को बंद रखने और ऑपरेटर को योजना पुनः प्रारंभ नहीं करने देने के आरोप में की गई है, जिससे ग्रामीणों को दूषित जल पीने के लिए मजबूर होना पड़ा और एक दर्जन से अधिक ग्रामवासी बीमार हो गए। जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि सचिव का यह कृत्य उनके पदीय कर्तव्यों के प्रति गंभीर लापरवाही का प्रतीक है तथा यह मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 का उल्लंघन है। यह आचरण म.प्र. पंचायत सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम 1999 के अंतर्गत दण्डनीय अवचार की श्रेणी में आता है। निलंबन अवधि में सचिव श्री पटेल को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा तथा उनका मुख्यालय जनपद पंचायत गोहपारू नियत किया गया है।

## नकली पनीर, सड़ी सब्जी और जहरीले तेल से परोसा जा रहा 'स्वाद'

# शहडोल की स्ट्रीट फूड संस्कृति बन रही बीमारियों की जड़








### फूड अधिकारी की चुप्पी पर उठे सवाल, मासिक वसूली के आरोप गंभीर

जिले में स्ट्रीट फूड का चलन जितनी तेजी से बढ़ रहा है, उससे कहीं अधिक तेजी से लोगों की सेहत बिगड़ रही है। मोमोज, कटलेट, फ्राइड राइस, मंचूरियन जैसे व्यंजन अब स्वाद नहीं, बीमारियों के वाहक बन चुके हैं। स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है जब जिला खाद्य एवं औषधि विभाग पूरी तरह निष्क्रिय बना रहे।

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

फूड अधिकारी आर.के. सोनी पर अब मिलीभगत और मासिक वसूली के गंभीर आरोप लगे हैं। जिला मुख्यालय समेत ब्यौहारी, जयसिंहनगर, धनपुरी और बुढ़ार जैसे कस्बों में सडक़ों के किनारे सजे फूड स्टॉल्स पर रोज़ाना हजारों की संख्या में लोग चाउमिन, मोमोज, मंचूरियन, बर्गर, फ्राइड राइस और हॉटडॉग जैसे व्यंजन खा रहे हैं। देखने में ये चीजें आकर्षक और स्वादिष्ट लगती हैं, लेकिन इनका कड़वा सच किसी जहर से कम नहीं। अधिकतर विक्रेता एक ही तेल को कई दिनों तक गर्म कर बार-बार उपयोग करते हैं। नकली पनीर, सड़ी सब्जियों, रंगीन सॉस और जहरीले एसेंस से बने ये व्यंजन सेहत को सीधा नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### बचा खाना बनता है अगली सुबह की 'डिश'

बाजारों और चौराहों पर लगे अधिकतर ठेलों पर रात का बचा हुआ खाना अगली सुबह नए नाम से परोसा जाता है। उदाहरण के लिए फ्राइड राइस को हल्की ताजगी देकर मंचूरियन में बदला जाता है, कटलेट की स्टफिंग में वही सब्ज़ी घुमा दी जाती है। मोमोज की स्टफिंग में घटिया क्वालिटी की सब्जियां, नकली पनीर और सस्ते मसाले ठूंसे जाते हैं। यह सब इतना सुनियोजित तरीके से होता है कि ग्राहक को मालूम ही नहीं चलता कि वह क्या खा रहा है।

### फूड अधिकारी की लापरवाही या मिलीभगत?

दुखद पहलू यह है कि इस खतरनाक स्थिति के बीच जिला खाद्य एवं औषधि विभाग पूरी तरह सोया हुआ है। फूड अधिकारी आर.के. सोनी और उनके अधीनस्थ कर्मचारियों की निष्क्रियता अब लोगों के जीवन पर भारी पड़ रही है। शहरवासियों के अनुसार, न तो विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण किया जा रहा है, न ही किसी तरह की चेतावनी दी जा रही है। उल्टा, स्थानीय स्तर पर चर्चाएं हैं कि फूड अधिकारी का ध्यान केवल मासिक वसूली पर केंद्रित है। क्या यह चुप्पी घोर लापरवाही है या फिर सुनियोजित मिलीभगत? यह सवाल अब हर नागरिक के मन में है। एक जिम्मेदार अधिकारी के तौर पर आर.के. सोनी का यह रवैया जनता के विश्वास और स्वास्थ्य दोनों के साथ विश्वासघात है।

### बढ़ रही फूड प्वाइजनिंग और एलर्जी के केस

स्थानीय अस्पतालों में डॉक्टरों ने हाल के महीनों में पेट दर्द, उल्टी, दस्त, फूड प्वाइजनिंग, त्वचा एलर्जी और एसिडिटी के मामलों में वृद्धि दर्ज की है। इनमें से अधिकतर मरीज स्कूली बच्चे, कॉलेज स्टूडेंट्स और ऑफिस कर्मचारी होते हैं, जो रोजाना इन स्ट्रीट फूड स्टॉल्स पर खाना खाते हैं। बावजूद इसके न जिला प्रशासन और न ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई सख्त कार्रवाई की गई है। वर्तमान स्थिति को देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि यदि समय रहते कड़े कदम नहीं उठाए गए तो शहडोल में स्ट्रीट फूड से जुड़ी यह लापरवाही आने वाले समय में एक जनस्वास्थ्य आपदा बन सकती है।

### यह करना चाहिए प्रशासन को

सभी स्ट्रीट फूड विक्रेताओं का पंजीयन और खाद्य लाइसेंस अनिवार्य किया जाए।

प्रयोगशाला परीक्षण के माध्यम से खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच की जाए। एक विशेष निगरानी टीम गठित कर हर सप्ताह निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए।

फूड अधिकारी आर.के. सोनी की भूमिका की स्वतंत्र जांच हो और दोषी पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई हो।

### हमारी सेहत का जिम्मेदार कौन?

हर आम नागरिक का अब यह सवाल है कि जब बच्चों से लेकर बड़ों तक की सेहत खतरे में है, तो प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारी कब जागेंगे? आर.के. सोनी जैसे अधिकारियों की निष्क्रियता न केवल लापरवाही है, बल्कि आपराधिक उदासीनता की श्रेणी में आती है। यदि इन्हें तत्काल दायित्व मुक्त कर जांच के दायरे में नहीं लाया गया, तो यह शहडोल की जनता के साथ न्याय नहीं होगा। स्वास्थ्य से जुड़ी किसी भी लापरवाही की कीमत हमेशा आमजन को चुकानी पड़ती है। शहडोल में स्ट्रीट फूड के नाम पर परोसा जा रहा यह ज़हर अब सीमाएं लांघ रहा है। प्रशासन को जनहित में कठोर निर्णय लेने होंगे। और सबसे पहले, जिला खाद्य अधिकारी आर.के. सोनी को उनके पद से तत्काल हटाकर निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए।

# बस पलटी: सात घायल, एक की हालत गंभीर

## पपौंध थाना क्षेत्र में हादसा, बारिश बनी कारण

शहडोल।

जिले के पपौंध थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार रात निपानिया वन चौकी के समीप एक तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में सात लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक यात्री की हालत नाजुक बताई गई है। यह घटना रात करीब 10:30 बजे की है, जब ब्यौहारी से सरसी गांव जा रही एक बस अचानक मोड़ पर पलट गई। खबर है कि दीपक ट्रैवल्स की बस रोज़ की तरह शनिवार को ब्यौहारी से सरसी जा रही थी। निपानिया वन चौकी के पास स्थित तीखे मोड़ पर चालक ने बस को नियंत्रित नहीं रख पाया। हल्की बारिश के कारण सडक़ फिसलन भरी हो गई थी, जिस वजह से बस का अगला पहिया मिट्टी में धंस गया और वाहन पलट गया। हादसे के समय बस में लगभग 18 यात्री सवार थे।

### स्थानीय लोग बने मददगार

घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और यात्रियों को बस से बाहर निकालने में मदद की। स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पपौंध थाना प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू करवाया। पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर सभी यात्रियों को बस से बाहर निकाला। थाना प्रभारी ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, वहीं गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

### रेस्क्यू में आई दिक्कत

पुलिस के अनुसार घटना के समय बारिश हो रही थी, जिससे बचाव कार्य में थोड़ी कठिनाई आई। बावजूद इसके, स्थानीय लोगों और पुलिस के साझा प्रयास से सभी घायलों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद पुलिस ने जेसीबी की सहायता से पलटी हुई बस को हटवाकर सडक़ किनारे करवाया, जिससे यातायात पुनः सुचारू हो सका। इस हादसे ने एक बार फिर ग्रामीण सडक़ों पर चलने वाली निजी बसों की सुरक्षा व्यवस्था और उनके संचालन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि दीपक ट्रैवल्स की बसें पहले भी कई बार खराब हालत में देखी गई हैं, वहीं कई बार चालक की लापरवाही की शिकायतें भी सामने आई हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और चालक से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर यह कहा जा रहा है कि खराब मौसम और सडक़ पर मिट्टी के कारण बस का संतुलन बिगड़ा, लेकिन जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि यह घटना दुर्घटनावश हुई या इसमें लापरवाही भी शामिल थी।

### बसों की फिटनेस और संचालन व्यवस्था की हो समीक्षा

घटना के बाद क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हो रही निजी यात्री बसों की नियमित फिटनेस जांच हो और उनके चालकों को सुरक्षा मानकों का प्रशिक्षण दिया जाए। साथ ही, मोड़ों और संवेदनशील स्थलों पर चेतावनी संकेतक और रिफ्लेक्टिव बोर्ड लगाए जाएं ताकि रात के समय दुर्घटनाओं को टाला जा सके। यह दुर्घटना केवल एक हादसा नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवहन व्यवस्था में व्याप्त अनदेखी का प्रतीक है। प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि वह इस घटना को चेतावनी के रूप में लेकर निजी परिवहन संचालकों की जवाबदेही सुनिश्चित करे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# सांप के काटने से नवदंपती की मौत

## कोठीताल गांव में फिर दर्दनाक हादसा

### जंगल से घिरे गांव में जहरीले जीवों का खतरा बढ़ा, पिछले साल भी हुई थीं तीन मौतें

शहडोल।





जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोठीताल गांव में एक दर्दनाक हादसे में नवविवाहित दंपती की जान चली गई। घर में सोते समय जहरीले सांप के काटने से 23 वर्षीय ईश्वरभान पलिहा और उनकी 20 वर्षीय पत्नी सुषमा पलिहा की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। जानकारी के अनुसार, सोमवार रात दोनों पति-पत्नी घर में सो रहे थे। इस दौरान किसी समय जहरीले सांप ने दोनों को काट लिया। बताया जा रहा है कि पहले ईश्वरभान को सांप ने काटा, जिसके बाद वह अचेत हो गया। पत्नी सुषमा को जब तक इसका अहसास हुआ, तब तक ईश्वरभान बेहोशी की हालत में पहुंच चुका था। सुषमा ने तत्परता दिखाते हुए पास में ही रह रहे एक रिश्तेदार को इस बात की जानकारी दी। इसके बाद दोनों को तत्काल परिजन निजी वाहन से जैतपुर अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन उपचार के दौरान डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस दर्दनाक घटना को लेकर मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। जैतपुर थाना प्रभारी जिया उल हक ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

### पिछले साल भी हुई थी तीन लोगों की मौत

कोठीताल गांव में यह पहली बार नहीं हुआ है। बीते वर्ष भी इस गांव में जहरीले कीड़ों के काटने से तीन लोगों की मौत हो चुकी है। गांव चारों ओर से घने जंगलों से घिरा हुआ है, जिससे यहां पर सर्पदंश और विषैले कीड़ों का खतरा लगातार बना रहता है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दिनों में सांप और अन्य जहरीले जीव अधिक संख्या में घरों में घुस आते हैं, लेकिन गांव में न तो कोई जागरूकता अभियान चलाया गया है और न ही प्राथमिक उपचार की व्यवस्था है।

### गांव में फैला मातम, सतर्कता की जरूरत

घटना के बाद से पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतक ईश्वरभान और सुषमा का विवाह मात्र एक वर्ष पूर्व हुआ था, ऐसे में इस असमय निधन से गांववाले स्तब्ध हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में सर्पदंश जैसी आपात स्थिति के लिए प्राथमिक चिकित्सा किट और जागरूकता अभियान चलाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की सीमित पहुंच और प्राकृतिक खतरों से जूझते आमजन की व्यथा को उजागर किया है। अब देखना होगा कि क्या प्रशासन इस घटना से सबक लेकर आवश्यक कदम उठाता है या फिर कोठीताल जैसी बस्तियां यूं ही जान जोखिम में डाल जीती रहेंगी।

## फिट इंडिया अभियान के तहत डाक विभाग की साइकिल रैली

# फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

शहडोल।





विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय डाक विभाग द्वारा शहडोल में फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। डाकघर अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस रैली का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को साइकिलिंग जैसे सरल लेकिन प्रभावी व्यायाम से जोडऩा, फिटनेस को बढ़ावा देना तथा पोस्टमैन को फिटनेस एंबेसडर के रूप में स्थापित करना था।

**स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों की सुरक्षा** – रैली में भाग लेने वाले कर्मचारियों ने साइकिल पर फिटनेस से जुड़े प्रेरक नारों के साथ सवारी की, जिसमें स्वस्थ जीवन की सवारी - साइकिल हमारी जिम्मेदारी, साइकिल चलाओ, जीवन बचाओ जैसे संदेश प्रमुख रहे। यह रैली शहडोल डाकघर से प्रारंभ होकर जय स्तंभ चौक, सोहागपुर बाईपास, बाणगंगा मंदिर होते हुए पुनः डाकघर पहुंची।

**स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी** – समापन स्थल पर अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा हमें सदैव अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए और व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। साइकिल चलाना न सिर्फ एक उत्तम व्यायाम है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देता है। उन्होंने कर्मचारियों से आग्रह किया कि सप्ताह में कम से कम दो दिन साइकिल का उपयोग अवश्य करें और जब भी संभव हो लंबी दूरी तक साइकिलिंग को अपनाएं।

**उत्साह से भरे रहे डाक विभाग के कर्मचारी**
रैली में पोस्टमास्टर सुप्रियल मिंज, एसएस जौहरी, दिलीप कुमार पटेल, मनोज यादव, अंजुला गुप्ता, पूजा कौर, सरिता पटेल, यशी सुरौठिया, नवीन तिवारी, आमिर खान, महेश बर्मन, कमलेश पांडेय, अमृता सिंह, चंद्रशेखर साहू, शिवेंद्र श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। सभी ने बढ़-चढक़र भाग लिया और फिटनेस के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ रैली को सफल बनाया। डाक विभाग द्वारा आयोजित यह साइकिल रैली केवल एक प्रतीकात्मक आयोजन नहीं, बल्कि एक प्रेरक संदेश है कि फिटनेस केवल खेल से जुड़े लोगों तक सीमित नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। साइकिल जैसे पारंपरिक और पर्यावरणहितैषी माध्यम के ज़रिए स्वास्थ्य सुधार और जागरूकता फैलाना निश्चित ही एक अनुकरणीय प्रयास है।

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न

### 19 मंडलों में तिरंगा यात्रा और विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे



**शहडोल।** 'हर घर तिरंगा' अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर रविवार को संभागीय मुख्यालय स्थित 'अटल निलय' भाजपा कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने की। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 10 से 15 अगस्त तक जिले के सभी 19 मंडलों में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी और प्रत्येक घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। बैठक में विधायक जयसिंह मरावी, जिला महामंत्री संतोष लोहानी, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, नगर परिषद अध्यक्ष राजन गुप्ता, दीपक शर्मा, मनोज सिंह आर्मो, श्रीमती सुशील शुक्ला सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन संतोष लोहानी ने किया और आभार राकेश तिवारी ने व्यक्त किया। अमिता चपरा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि यह अभियान देशभक्ति का उत्सव है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 'विजयोत्सव' की भावना से ओतप्रोत है। बैठक में बताया गया कि 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों, प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराया जाएगा, 12 से 14 अगस्त तक स्वच्छता अभियान एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम होंगे, जबकि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मौन जुलूस निकाला जाएगा। बैठक में जिला एवं मंडल स्तर पर अभियान के सफल संचालन हेतु कार्यकर्ताओं की टोली गठित की गई, जिसमें जिला संयोजक संतोष लोहानी, सह संयोजक राकेश तिवारी एवं पुष्पेंद्र पटेल रहेंगे।

## खबर संक्षेप



### जिला परिवार कल्याण अधिकारी ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की

**उमरिया।** जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ.एस.बी.चौधरी की अध्यक्षता में सेक्टर पिनौरा में बैठक संपन्न हुई । बैठक में डा एस बी चौधरी ने मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण कार्यक्रम , राष्ट्रीय किशोर कार्यक्रम तथा आयुष्मान कार्ड की समीक्षा की । उन्होने कहा कि शेष बचे आयुष्मान कार्ड बनानें का कार्य 23 अगस्त तक पूरा कर लिया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही की जाए।

### 5 अगस्त से मोबलाईजेशन कैंप का आयोजन

**उमरिया।** जिला समन्वयक ग्रामीण आजीविका मिशन चंद्रभान सिंह ने बताया कि कैपसटॉन सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड हैदराबाद मोबलाईजेषन कैंप का आयोजन 5 अगस्त को करकेली विकासखंड, 6 अगस्त को पाली विकासखंड तथा 7 अगस्त को मानपुर विकासखंड में आयोजित किया गया है। उन्होने विकासखंड प्रबंधक समस्त मप्रडे राज्य ग्रामीण आजीविका मिषन से कहा है कि मोबलाईजेषन कैंप का सुचारू रूप से आयोजन कर प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप हितग्राही का चयन कर नियोजन उपरांत जानकारी जिला कार्यालय को भिजवाएं ।

### आज सामान्य सभा सामान्य प्रशासन समिति की बैठक

**उमरिया।** जिला पंचायत उमरिया कि सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठक 4 अगस्त को अपराह्न 1 बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है ।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**उमरिया।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 9 अगस्त 2025 रक्षाबंधन, 10 अगस्त 2025 को कजलियां पर्व एवं 16 अगस्त 2025 को जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाना है। जिस संबंध मे 4 अगस्त 2025 को अपराह्न 1 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार मे शांति समिति की बैठक का आयोजित की गई है। बैठल में सर्व संबंधितो से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

### जिला परिवार कल्याण अधिकारी ने विभिन्न योजनाओ की समीक्षा की

**उमरिया।** जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ.एस.बी.चौधरी की अध्यक्षता में सेक्टर पिनौरा में बैठक संपन्न हुई । बैठक में डा एस बी चौधरी ने मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण कार्यक्रम, राष्ट्रीय किशोर कार्यक्रम तथा आयुष्मान कार्ड की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शेष बचे आयुष्मान कार्ड बनानें का कार्य 23 अगस्त तक पूरा कर लिया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही की जाए।

### गजब! 40 रूपये का एक समोसा

**जमुना/बदरा।** समोसों वाला बिल अखबारों की सुर्खियां बनी हुई है कि अनूपपुर जिले के बकेली पंचायत के ग्रामीणों ने खाया इतना मंहगा समोसा, जब बकेली पंचायत के सचिव अमित सिंह ने भुगतान के लिए बिल लगाया तो हड़कंप मच गया और यह बिल अखबारों की सुर्खियां बन गयी, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही करने की जगह चुप्पी साधे बैठे हुए है। जब पड़ताल चालू की गई तो तस्वीरें निकल कर आई, जिसमें भ्रस्ट सचिव अमित सिंह का काला चिट्ठा खोल कर रख दी। इस घोटाले को 4 जुलाई मुख्यमंत्री मोहन यादव के कार्यक्रम के दिन ही अंजाम दिया गया। जब मुख्यमंत्री मोहन यादव का दौरा कोतमा में सुनिश्चित हुआ था। रामेश्वरम होटल का मालिक दीपक अग्रवाल ने पहले तो कहा कि भैया मैं कुछ नहीं बोलूंगा फिर बाद में कहा कि भैया कहीं भी नहीं मिलता है 40 रूपयों में समोसा, आपको पता है, बिल में ओव्हर राइटिंग हुई है। बिल में सचिव ने छेड़छाड़ की है। जब समोसों की पड़ताल की गयी कि किसने खाया और कहा खाया समोसे तो पता चला कि बकेली पंचायत के ग्रामीणों ने और पंचों ने समोसा खाया। समोसा खाने वाले पंच नत्थू लाल यादव ने बताया कि बदरा जमुना गेट के महाकाल नामक होटल पर समोसा खाया और चाय पी नार्मल समोसा था इसके अलावा उस समोसा में कोई बात नहीं थी। शिवप्रसाद विश्वकर्मा ने भी बताया कि हमने समोसा और चाय जमुना बदरा गेट के होटल पर ली, इससे साफ जाहिर होता है कि सचिव ने मनमाने बिल से सरकारी खजाने को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यदि जांच की जाए तो सचिव अमित प्रताप सिंह के खिलाफ कितने ही घोटालों का काला चिट्ठा खुलते हुई तस्वीरें नजर आएंगी, लेकिन इन सबके बीच सवाल यह उठ रहा है कि जब सचिव अमित प्रताप सिंह और पंच तथा ग्रामीणों ने महाकाल में 10 रूपये पीस के हिसाब से नाश्ता किया तो फिर 40 रूपये दर वाली समोसा कहां गायब हो गया।

## पिपरिया पंचायत में आदिवासी योजनाओं में बड़ा खेल

# सरपंच-सचिव की मिलीभगत उजागर

**नियमों को ताक पर रखकर हितग्राहियों के नाम पर बंदरबांट**

**पूर्व में निलंबित सचिव दोबारा सक्रिय**

पिपरिया ग्राम पंचायत एक बार फिर भ्रष्टाचार के दलदल में फंसी नजर आ रही है। जहां आदिवासी हितग्राहियों के नाम पर शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में खुलेआम गड़बड़ी की जा रही है। सरपंच और सचिव की मिलीभगत से सरकारी दिशानिर्देशों की अनदेखी कर अपने हितों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे गांव का विकास गुमनाम होता जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज, उमरिया।

जिले की मानपुर जनपद पंचायत की पिपरिया ग्राम पंचायत में आदिवासी विकास योजनाओं का लाभ पात्रों की बजाय अपात्रों को दिए जाने का मामला सामने आया है। पंचायत के सरपंच और सचिव की मिलीभगत से सरकारी गाइडलाइन को दरकिनार कर निजी स्वार्थ साधे जा रहे हैं। वर्षों पहले निलंबित हो चुके सचिव को दोबारा प्रभार मिलते ही पुराने ढर्रे पर लौट आए हैं और योजनाओं में भारी गड़बड़ियां की जा रही हैं।

### साझेदारी में योजनाओं का दुरुपयोग

पिपरिया पंचायत में आदिवासियों के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना का उद्देश्य वंचित तबके को छत मुहैया कराना है। लेकिन यहां इसका उद्देश्य ही बदल चुका है। सरपंच राजू कोल और सचिव इतुआ यादव की जोड़ी ने इस योजना को निजी लाभ का साधन बना लिया है। ग्राम बिलाईकाप में रहने वाले बारेलाल पिता मातादीन को पहले इंदिरा आवास योजना के तहत मकान मिला था। फिर वर्ष 2016-17 में उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी दिला दिया गया। दो बार लाभ देना न केवल दिशानिर्देशों का उल्लंघन है, बल्कि अन्य पात्र हितग्राहियों के हक को भी मारना है।

### बेटे के नाम पर, मकान पिता का

मामला यहीं नहीं थमा, बारेलाल के पुत्र सुरजन बैगा को पीएम जनमन योजना के तहत मकान आवंटित किया गया, लेकिन निर्माण का स्थान वही पुराना इंदिरा आवास बन गया। सचिव इतुआ यादव ने "मास्टरप्लान" के तहत उस पुराने मकान की छत तुड़वाकर उसमें नई छत डलवा दी, ताकि योजना में नया निर्माण दर्ज किया जा सके। इस कागजी खेल से योजना की मूल भावना ही समाप्त हो गई।

### आपात्र को आवास, पात्र अब भी वंचित

ग्राम बिलाईकाप में ही एक अन्य मामला शांतिबाई पति स्वर्गीय बीरबल बैगा का है। इन्हें प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना का लाभ दे दिया गया, जबकि इनके पति बीरबल बैगा को पहले ही इंदिरा आवास योजना के तहत मकान मिल चुका था। नियमानुसार एक ही परिवार को बार-बार लाभ नहीं मिल सकता, लेकिन सचिव की कृपा से शांतिबाई को भी आवास दे दिया गया।

### सचिव का पुराना इतिहास रहा है संदिग्ध

सचिव इतुआ यादव का नाम पहले भी विवादों में रहा है। वर्ष 2010-11 में तालाब निर्माण में गड़बड़ी के चलते उन्हें निलंबित किया गया था। उस वक्त जिस स्थान पर तालाब बनना था, उसकी बजाय बगीचा तालाब में निर्माण कार्य करा दिया गया और कागजों में मूल स्थान ही दर्शाया गया। अब फिर से वर्षों बाद उन्हें सीईओ के आदेश से पुनः प्रभार मिला है और आते ही उन्होंने वही पुरानी शैली अपना ली है - कागजों में हेराफेरी, फर्जी निर्माण और अपात्रों को लाभ दिलाना।

### उड़ाई जा रही नियमों की धज्जियां

ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव और सरपंच के बीच आपसी समझ के तहत योजनाओं में कमीशनबाजी हो रही है। लाभ उन्हीं को मिल रहा है जो मर्जी वालों की सूची में हैं, जबकि वास्तविक जरूरतमंद दरकिनार हैं। इस पूरी प्रक्रिया में ग्रामसभा की भूमिका गौण हो गई है और फर्जीवाड़े से सरकारी धन की लूट मची हुई है। पिपरिया पंचायत आदिवासी बाहुल्य है और यहां प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना का उद्देश्य था, बैगा समुदाय जैसे अत्यंत पिछड़े वर्ग को पक्की छत उपलब्ध कराना। लेकिन जब ऐसे क्षेत्रों में भी भ्रष्टाचार हावी हो जाए, तो शासन की विश्वसनीयता और उद्देश्य दोनों ही सवालों के घेरे में आ जाते हैं।

### जांच की मांग, कार्रवाई की आस

स्थानीय ग्रामीणों और समाजसेवियों ने मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। साथ ही जिन हितग्राहियों को फर्जी तरीके से दो-दो बार लाभ मिला है, उनकी सूची सार्वजनिक की जाए और उनसे राशि वसूल की जाए। साथ ही यह भी जरूरी है कि सचिव इतुआ यादव की भूमिका की जांच कर उनके विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई की जाए। केवल निलंबन कर देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि योजनाओं में गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

## प्रधानमंत्री ने पीएम किसान सम्मान निधि की 20वी किश्त अंतरित की



उमरिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी उत्तरप्रदेश से देश के किसानों के खाते में सिंगल क्लिक से राशि अंतरित की । उमरिया जिले के 93389 किसानों के खाते में 186778000 रुपये की राशि अंतरित हुई । कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मानपुर जनपद पंचायत के स्टेडियम ग्राउण्ड में देखा एवं सुना गया। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत आयोजित कार्यक्रम का प्रसारण ग्राम पंचायतों में भी किया गया। इसके साथ ही सेवा सहकारी समिति सिगुडी, मालाचुआ सहित अन्य सहकारी समितियों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल, सी ई ओ जिला पंचायत अभय सिंह, एस डी एम मानपुर टी आर नाग, तहसीलदार मानपुर पंकज नयन तिवारी, जनपद अध्यक्ष ममता सिंह, जनपद सदस्यों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## स्कूल तक पहुंचने की राह हुई आसानः हरनीत कौर

### सीईओ जनपद पंचायत ने छात्राओं को किया साइकिल का वितरण

उमरिया।



जिले के करकेली विकासखंड अंतर्गत माध्यमिक शाला पठारी में सीईओ जनपद पंचायत करकेली हरनीत कौर कलसी ने छात्र छात्राओं को निशुल्क सायकिल का वितरण किया । सायकल पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे । सीईओ जनपद पंचायत करकेली ने कहा कि बच्चों को निशुल्क साइकिल मिलने पर अब वे समय पर स्कूल आ सकेगे तथा अपने अध्यापन का कार्य कर सकेगे । प्रदेश सरकार की योजना अनुसार बच्चों को निशुल्क सायकिल वितरित की गई है ।

उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि वे अपने अध्यापन का कार्य पूरी तन्मयता व ईमानदारी के साथ करें । एक अच्छे नागरिक बनकर समाज एवं देश की सेवा करें । शिक्षकों का सम्मान करें । शिक्षकों व्दारा जो बाते बताई जाती है, उसका अक्षरशः पालन करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता हमें मिलेगी । स्कूल में अध्यापन का कार्य करने के बाद घर पर भी पढ़ाई करें , और अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर ग्राम, जिला, विद्यालय का नाम रोशन करें। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पठारी सरपंच गोविंद प्रसाद गौतम, प्राचार्य राम सखा चौधरी, सचिव कमलेश चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

## आचार्य विद्यासागर महाराज जी की स्मृति में कीर्ति स्तंभ का भव्य अनावरण

# जैतहरी का अहिंसा चौक बना नया आध्यात्मिक पहचान



हरिभूमि न्यूज जैतहरी।

नगर परिषद जैतहरी द्वारा जैन मंदिर के समीप निर्मित अहिंसा चौक पर कीर्ति स्तंभ का अनावरण समारोह भक्ति और भावनाओं से भरे वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह स्तंभ महान तपस्वी आचार्य विद्यासागर महाराज के तप, त्याग व अहिंसा मार्ग को समर्पित है। नगर परिषद अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ लोकार्पित किए गए इस स्तंभ को देखने नगरवासी बड़ी संख्या में उमड़े। वर्षों से अधर में लटके इस बहुप्रतीक्षित कार्य को नगर परिषद ने रिकॉर्ड समय में पूर्ण कर नगरवासियों को आध्यात्मिक स्वरूप की सौगात दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में आचार्य की स्मृति में कीर्ति स्तंभ निर्माण की घोषणा के बाद जैतहरी में यह पहला स्तंभ अपने विशिष्ट स्वरूप के लिए चर्चा में है। यह स्मारक नगर की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को निरंतर पुष्ट करेगा।

### मंच पर उपस्थित रहे प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधि

समारोह की अध्यक्षता उमंग अनिल गुप्ता एवं मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता,नगर परिषद जैतहरी उपाध्यक्ष रविंद्र राठौर, जिला पंचायत सदस्य रंजीत सर्राटी, मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर, पार्षद सुनीता जैन, जैतहरी जैन समाज अध्यक्ष सतीश जैन, कोतमा जैन समाज अध्यक्ष ऋषभ चंदेरिया, पूर्व पार्षद मुकेश जैन, पुष्पेंद्र जैन, वीरेंद्र जैन, महामंत्री दीपेश जैन तथा पत्रकार अजीत जैन बृजेश रजक समेत बड़ी संख्या में जैन समाज एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वरिष्ठ समाजसेवी भागचंद जैन, लखन नामदेव, कैलाश मरावी, कविता राठौर, सविता राठौर, मोहम्मद जलील खान, दीनबंधु सोनी, अशोक राठौर, लीलाधर राठौर, मीडिया प्रभारी दिनेश निषाद, अजय जैन, आदर्श जैन, अंशुल जैन, संगम महाराज, विकास कनकने सहित नगर के अनेक श्रद्धालु कार्यक्रम के साक्षी बने।

### नगर की अस्मिता और प्रेरणा का केंद्र बनेगा स्तंभ

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा कि यह कीर्ति स्तंभ नगर की आस्था, श्रद्धा और सांस्कृतिक चेतना का केंद्र बनेगा। आने वाली पीढ़ियां इससे प्रेरणा लेकर अहिंसा, संयम एवं सदाचार जैसे जीवन मूल्यों को अपनाएंगी। यह स्मारक नगर के गौरव में अभूतपूर्व वृद्धि करेगा। परिषद लगातार नगर के विकास कार्यों एवं सुंदरीकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं पूरे मध्य प्रदेश में नगर परिषद जैतहरी के द्वारा बहुत ही कम मूल्य पर पेयजल का दोनों पाली में आपूर्ति की जा रही है तथा निकाय क्षेत्र अंतर्गत एपीजे अब्दुल कलम लाइब्रेरी के का संचालन भी किया जा रहा है जो की पूरे संभाग में एकमात्र है तथा संचालित लाइब्रेरी से लगभग 15 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागी परीक्षा में सफल होकर नया कीर्ति मान हासिल किया है। तथा पूरे नगर में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करते हुए पूरे निकाय में प्रकाश की व्यवस्था की हैं। समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि जैतहरी नगर मध्य प्रदेश में नवाचार कर अद्भुत कार्य किए हैं। अद्भुत कार्यों एवं विकास कार्यों को गति देकर संभाग के लिए अनुकरणीय कार्य किया है निकाय आर्थिक स्थिति ठीक ना होने की बावजूद भी इच्छा शक्ति एवं दूर दृष्टि के कारण नगर परिषद के अध्यक्ष उमंग गुप्ता एवं उनकी परिषद ने विकास के नए आयाम लिखे हैं। नगर परिषद अध्यक्ष उमंग गुप्ता ने सभी नगरवासियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्तंभ केवल प्रतीक नहीं बल्कि आचार्य विद्यासागर महाराज के विचारों एवं आदर्शों को जीवंत रखेगा। जो कि नगर के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा उन्होंने कहा कि नगर परिषद भविष्य में भी ऐसे कार्यों के माध्यम से जैतहरी की पहचान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए संकल्पित है। भावनात्मक वातावरण में आयोजित इस समारोह का समापन आरती एवं मंगल भावना के साथ किया गया। नगरवासियों ने इस ऐतिहासिक क्षण को गौरव और हर्ष के साथ साझा करते हुए एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और कीर्ति स्तंभ को नगर की नई आध्यात्मिक धरोहर घोषित किया।

## जमुना कोतमा डाकघर में उच्चाधिकारियों की देखरेख में फल-फूल रहा गैरकानूनी खेल

**निजी रिश्तों की थाली में परोसी जा रही सरकारी जिम्मेदारियां**

बदरा/जमुना।




भारतीय डाक विभाग, जिसे दशकों से जनता ने अपने खून-पसीने की कमाई का सबसे सुरक्षित ठिकाना माना है। जमुना कॉलोनी के पोस्ट ऑफिस में लूट और धोखाधड़ी का संगठित अड्डा बन चुका है एक सनसनीखेज स्टिंग ऑपरेशन ने उस सच्चाई की परतें उधेड़ दी हैं जिसे लंबे समय से विभाग के जिम्मेदार चेहरे ढँकते आ रहे थे। यह सामने आया है कि किस तरह एक संवैधानिक और भरोसेमंद संस्था को निजी लाभ के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है सुरक्षा की चादर तार-तार हो चुकी है, और नियम-कायदों की धज्जियाँ ऐसी उड़ रही हैं, मानो यह कोई पारिवारिक दुकान हो। पोस्ट ऑफिस के ब्रांच पोस्टमास्टर जीपी खजूर ने अपने पद की गरिमा को इस कदर रौंद डाला है कि उन्होंने अपने दामाद अलफोंस इक्का को खुलेआम डाकघर की जिम्मेदारी सौंप दी जिसे प्रमाण के तौर पर वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है वह अलफोंस, जो न तो भारतीय डाक विभाग का कर्मचारी है न किसी प्रकार से अधिकृत लेकिन फिर भी वह वही सब कर रहा है जो एक प्रशिक्षित सरकारी कर्मचारी करता है। सरकारी नौकरी के लिए जहां आम युवा वर्षों तक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं पसीना बहाते हैं इंटरव्यू और दस्तावेज़ सत्यापन की कई सीढ़ियाँ चढ़ते हैं, वहीं यहां एक दामाद महज़ रिश्तेदारी के बल पर पूरी डाकघर व्यवस्था अपने कब्जे में ले बैठा है। यह न सिर्फ शर्मनाक है, बल्कि यह दिखाता है कि कैसे कुछ लोग सरकारी संस्थानों को अपनी जागीर समझ बैठे हैं, लेकिन सवाल ब्रांच पोस्ट मास्टर से कहीं बड़ा है, क्योंकि यह पूरा गैरकानूनी तमाशा डाक विभाग के उच्च अधिकारियों की देखरेख में हैं जो अपनी कुर्सी पर जमे हैं, मानो कुछ हुआ ही न हो जब मामला खुला तो "कार्रवाई की जाएगी। जैसा घिसा-पिटा बयान देकर उन्होंने आंखें फेर लीं लेकिन सच ये है कि न तो कोई विभागीय जांच शुरू हुई। न कोई एफआईआर, और न ही उस दामाद को रोकने का कोई प्रयास तो क्या यह माना जाए कि उच्च अधिकारी महोदय की चुप्पी महज़ चुप्पी नहीं, बल्कि मौन समर्थन है। क्या यह विश्वास कर लिया जाए कि यह सब उनके संरक्षण में ही संभव हो सका। या फिर यह सब उनकी जानकारी के बिना हुआ, जोकि खुद एक लापरवाही से भी बड़ा अपराध है। जब पूरा सिस्टम ध्वस्त हो रहा हो, और शीर्ष अधिकारी कान में तेल डालकर बैठे हों, तो सवाल सिर्फ कार्यशैली पर नहीं, बल्कि ईमानदारी और नीयत पर उठता है। जनता अब सवाल कर रही है कृ अगर कल को किसी नागरिक की निजी जानकारी से छेड़छाड़ होती है, या वित्तीय गड़बड़ी सामने आती है, तो क्या उच्च अधिकारी या जीपी खजूर इसका उत्तरदायित्व लेंगे। क्या वे गारंटी देंगे कि उनके संरक्षण में चल रहा यह पारिवारिक ढांचा किसी को नुकसान नहीं पहुंचाएगा। डाक विभाग की साख दांव पर है, लेकिन उससे भी बड़ा संकट हैकृजनता के भरोसे का क्योंकि जब भरोसा टूटता है, तो संस्थाएं नहीं, व्यवस्थाएं चरमराती हैं और जब डाकघर जैसे संस्थान रिश्तेदारी और मिलीभगत के सहारे चलने लगें, तो यह सिर्फ खबर नहीं होती कृ यह लोकतंत्र पर हमला होता है।

## बनिया टोला में आवारा सूकरों का आतंक

हरिभूमि न्यूज कोतमा।



नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7 बनिया टोला में इन दिनों आवारा सूकरो का आतंक मचा हुआ है। पिछले एक सप्ताह के अंदर पूरे वार्डों में गंदगी फैलाने के साथ घरों में भी घुस रहे है। सूकरो के आपा धापी से वार्डवासी काफी परेशान हैं। वार्ड वासियों द्वारा वार्ड पार्षद सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शिकायत करते हुए पूरे वार्ड में जगह-जगह बनाए गए सुकरो के रहने के स्थान को हटवाते हुए आबादी से बाहर करने की मांग की गई है। वार्ड क्रमांक 7 बनिया टोला सहित अन्य वार्ड वासियों ने अपना नाम न बताने की शर्त पर जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड क्रमांक 7 बनिया टोला में रिहासी क्षेत्र में सूकर पालन कर उक्त सूकरों को कॉलोनी में खुला छोड़ दिया जाता है उक्त वजह से सूकर घरों के आसपास दरवाजों के सामने मल मूत्र कर आए दिन गंदगी फैला देते हैं इसके अतिरिक्त वही रिहायशी क्षेत्र वार्ड नंबर 7 में ही सूकर को काटकर सूकर के मांस की बिक्री खुलेआम की जा रही है यहां तक कि सूकर के अतडीयों और मल मूत्र गंदगी आदि को सड़क एवं नालियों में डालकर नाली को जाम कर दिया जाता है जहां से निकल रही बदबू एवं दुर्गंध से वार्ड वासियों का सांस लेना दूभर हो गया है। इस तरह बनिया टोला वार्ड नंबर 7 मे सुकरो के आतंक से परेशान हो चुके लोगों द्वारा कई बार नगर पालिका एवं पार्षद को शिकायत भी कर चुके हैं। रिहायशी क्षेत्र वार्ड नंबर 7 बनिया टोला में सूकर पालन कर बेखौफ सूकर के मांस की बिक्री कर कॉलोनी में गंदगी फैलाने वालो पर नगर पालिका आखिर कार्यवाही क्यों नहीं कर रहा है। सूकरो के खुलेआम सड़क पर घूमने के कारण आये दिन वाहन चालक दुघर्टना के शिकार हो रहे हैं। वार्ड वासियों ने नगर पालिका अधिकारी से मांग करते हुए कहा है कि रिहायसी क्षेत्र से सूकरो का गोदाम एवं मुख्य मार्ग में सूकर के मांस की बिक्री को बंद कराया जाए।

## खबर संक्षेप

### कोलांचल में कबाड़ माफिया फिर हुए सक्रिय, अवैध धंधे ने फिर पकड़ी रफ्तार विलियम नं. 1 और धनपुरी नं. 4 में बढ़ी गतिविधियां

**धनपुरी।** धनपुरी कोलांचल क्षेत्र में एक बार फिर अवैध रूप से कबाड़ का व्यवसाय करने वाले सक्रिय होते नजर आ रहे हैं। विलियम नंबर-1 और धनपुरी नंबर-4 क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से कबाड़ माफिया की हलचल देखी जा रही है। हालांकि वर्तमान में बंद खदानों से चोरी नहीं हो रही है, लेकिन अतीत में बंद खदान में कबाड़ चोरी के दौरान चार व्यक्ति की दम घुटने से मौत हो चुकी है, जिसे लेकर क्षेत्र में अब भी दहशत बनी हुई है।पूर्व में पुलिस-प्रशासन की सख्ती के चलते कबाड़ माफिया भूमिगत हो गए थे, लेकिन अब फिर से कुछ हिस्सों में उनकी गतिविधियां बढ़ने लगी हैं। नगर और कोलांचल क्षेत्र में अवैध कबाड़ व्यवसाय की खबरें फिर सुनाई देने लगी हैं, जिससे आमजन में नाराजगी है।नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो कबाड़ माफिया एक बार फिर खुलेआम सक्रिय हो सकते हैं। इसलिए उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि अवैध कबाड़ कारोबार पर तत्काल सख्ती बरती जाए और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई जाए।स्थानीय लोगों ने चेताया कि यदि तत्काल कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना दोहराई जा सकती है।

### अजाक्स ने किया जिला शिक्षा अधिकारी का स्वागत

**कटनी।** मप्र अज़ाक्स संघ कटनी द्वारा शनिवार को नव नियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी श्याम सिंह मरावी का पुष्पगुच्छ एवं बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की रचित हिंदू धर्म की रिडल पुस्तक देकर स्वागत सम्मान किया गया एवं कर्मचारी हितैषी मुद्दों पर चर्चा हुई जिसका निराकरण शीघ्र करने हेतु संघ को आश्वासन दिया गया है। इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह धुर्वे, पूर्व अध्यक्ष सोहन लाल चौधरी, जय कुमार चौधरी सुग्रीम सिंह मरावी, चंद्रभान बौद्ध मनोज श्रीवास, मनोज दहिया, भूपत सेमा, अजीमुद्दीन शाह कपिल मनहर, चंद्रहास आर्मो, गुलाब परस्ते, सुजान सिंह ठाकुर, हर प्रसाद चौधरी, अनिल दीवान आदि की उपस्थिति रही है।

### कुड़ियाघाट धाम से कल निकाली जाएगी रथयात्रा

**बड़वारा।** जिले के धार्मिक पर्यटन स्थल कुढ़िया धाम आश्रम रोहनिया में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान शिव शंकर की मनोरम छवि से दैदीप्यमान भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी गौरतलब है कि सावन मास में यह भव्य रथ यात्रा निकाली जाती है जिसमें भगवान भोलेनाथ रथ में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलते हैं। रथ में विराजमान शिव जी का जगह जगह भव्य स्वागत किया जाएगा। आरती पूजन किया जाएगा। रथ यात्रा को लेकर ग्राम में जन जन में हर्ष का माहौल है। कुड़िया घाट धाम में साज सज्जा की गई है। समिति के सदस्यों ने बताया कि सावन सोमवार 04 अगस्त को सुबह से शिव लिंग निर्माण, रुद्राभिषेक, एवम रथ यात्रा का आयोजन किया जायेगा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### जिले को मिली 2 शव वाहन की सुविधा

**कटनी।** राज्य सरकार द्वारा संचालित शासकीय संस्थाओं में रोगी अथवा दुर्घटना पीड़ित के उपचार के दौरान मृत्यु उपरांत मृतकों को उनके निवास स्थान तक निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से शव वाहन सेवा का संचालन शुरू किया गया है। इस सेवा के तहत कटनी जिले को 2 शव वाहन प्राप्त हुये है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में शुक्रवार को जिला पंचायत सी.ई.ओ. की अध्यक्षता में दोनों शासकीय शव वाहनों को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ कर जिला अस्पताल कटनी के लिये रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर एवं विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिला अस्पताल में रोगी एवं दुर्घटना पीड़ितों के ईलाज के दौरान मृत्यु होती है तो उसके शव को सम्मानपूर्वक उनके निवास स्थान तक पहुंचाने के साथ ही उनका मृत्यु प्रमाण पत्र भी अस्पताल से जारी कर उनके परिजनों को उपलब्ध कराया जायेगा।

# कोयलांचल की नई तस्वीरः रोजगार, उत्पादन और प्रबंधन में उत्कृष्ट समन्वय, सोहागपुर क्षेत्र में एसईसीएल की कार्यशैली बनी आदर्श, टीमवर्क से लक्ष्य की ओर तेज़ी से बढ़ते कदम

**एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र में कोयला उत्पादन, श्रमिक कल्याण और रोजगार सृजन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया जा रहा है। रामपुर, बड़ुरा ओसीएम, खैरा भूमिगत खदान, दामिनी-राजेन्द्र सहित कई परियोजनाओं में प्रभावित किसानों को प्राथमिकता के आधार पर नौकरी प्रदान की जा रही है। इससे न केवल रोजगार में वृद्धि हुई है, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक संतुलन और स्थिरता भी आई है।**



हरिभूमि न्यूज, धनपुरी।

प्रभारी महाप्रबंधक की रणनीति से उत्पादन को मिली रफ्तारसोहागपुर क्षेत्र के प्रभारी महाप्रबंधक मनीष श्रीवास्तव, जो पूर्व में भी इसी क्षेत्र में विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं, क्षेत्र की भौगोलिक और प्रशासनिक परिस्थितियों से भलीभांति परिचित हैं। उनके नेतृत्व में क्षेत्रीय प्रबंधकों और खान प्रबंधकों के बीच तालमेल बेहतर हुआ है। इसी का परिणाम है कि उत्पादन में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है और संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है।सभी खदानें मिलकर कर रही 70 लाख टन लक्ष्य की ओर अग्रसरताबिलासपुर मुख्यालय द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए 70 लाख टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सभी खदानें सामूहिक प्रयासों से इस लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में मजबूती से कार्य कर रही हैं। यह क्षेत्र की टीम भावना और कुशल नेतृत्व का परिणाम है।तकनीकी सशक्तिकरण बना गेम चेंजरबंगवार और खैरा भूमिगत खदानों में पूर्व में लगाए गए सीएम मशीन के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। अब दामिनी-राजेन्द्र खदान में भी सीएम मशीन लगाई जा रही है, जिससे वहां भी कोयला लक्ष्य प्राप्त करना आसान हो जाएगा।रामपुर-अमलई में भी दिखा काम का दमअमलई ओसीएम में आर.के. ट्रांसपोर्टर को कार्य सौंपा गया है, जहां मशीनों की एंट्री हो चुकी है और कार्य शीघ्र शुरू होगा। वहीं रामपुर में नए टेंडरों की प्रक्रिया चल रही है। उपक्षेत्रीय प्रबंधक पी. रावत्रा और खान प्रबंधक अल्बर्ट की निगरानी में कोयला उत्पादन कार्य निरंतर प्रगति पर है।स्थानीय युवाओं को फिर मिलेगा अवसरआर.के. ट्रांसपोर्टर द्वारा स्थानीय ठेकेदारों के माध्यम से स्थानीय युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इससे न केवल सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है, बल्कि कंपनी के प्रति विश्वास और लगाव भी बढ़ रहा है।नजरिया बदला, परिणाम दिखेनई खदानें खोलने के बजाय मौजूदा संसाधनों के बेहतर उपयोग और श्रमिक हितों को प्राथमिकता देना प्रबंधन के दूरदर्शी दृष्टिकोण को दर्शाता है। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा दिखाया गया यह संतुलित और संवेदनशील दृष्टिकोण कोयलांचल की भावी दिशा को स्पष्ट करता है।समर्पित टीमएसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र आज एक उदाहरण बनकर उभरा है जहाँ उत्पादन, प्रबंधन और सामाजिक उत्तरदायित्व में अद्वितीय समन्वय दिखाई दे रहा है। प्रभारी महाप्रबंधक मनीष श्रीवास्तव, उपक्षेत्रीय प्रबंधक और खान प्रबंधकों की समर्पित टीम इस बदलाव के प्रमुख शिल्पी बनकर सामने आई है। यह सिर्फ कोयला नहीं, विकास का ईंधन तैयार कर रही है।

## श्रमिकों की कॉलोनियों में गंदगी का अंबार, जिम्मेदार अधिकारी मौन







धनपुरी।

राष्ट्रीय आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली एसईसीएल द्वारा अपने अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिकों की सुरक्षा और सुविधाओं पर कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। लेकिन सोहागपुर कोयलांचल क्षेत्र में पदस्थ अधिकारियों द्वारा श्रमिकों के हक और मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी की जा रही है।कंपनी द्वारा बेहतर कार्य के लिए तमाम सुख-सुविधाएं मुहैया कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, किंतु जमीनी अमले की लापरवाही इन प्रयासों को पलीता लगा रही है। कॉलोनियों में नालियों की सफाई समय पर न होने से मच्छरों का प्रकोप फैल रहा है। नगर पालिका और कॉलरी प्रबंधन द्वारा जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं किया जा रहा।साफ-सफाई नहीं, मच्छर-मक्खियों का बसेराबंगला कॉलोनी, रंगत कॉलोनी, अड्डलुआ कॉलोनी, रेलवे कॉलोनी, चीफ हाउस कॉलोनी जैसे श्रमिक आवासों में सड़क और नाली निर्माण वर्षों से नहीं किया गया है। जगह-जगह जलभराव, बिजली फिटिंग की खराबी, सेफ्टी टैंक के ढक्कन टूटे पड़े हैं। गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे कॉलोनियों में दुर्गंध और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।कंपनी की कल्याण शाखा निष्क्रियकंपनी के कल्याण बोर्ड द्वारा कॉलोनियों में सफाई की जिम्मेदारी लेने का दावा तो किया जाता है, परंतु जमीनी हकीकत इसके उलट है। कई बार निरीक्षण एवं जांच के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कॉलोनियों की दुर्दशा और श्रमिकों की नाराजगी बढ़ती जा रही है।प्रशासन पर उठ रहे सवाल, अधिकारी नदारदश्रमिक संगठन एवं परिजनों ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक से मांग की है कि सिविल विभाग के नकारा अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए और कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं व स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जाए। कॉलोनियों में सफाई न होने से गाजर घास तक उग आई है और जहरीले कीड़े-मकोड़ों का भय फैल गया है।श्रद्धा से काम करने वालों का हक छीना गयाकड़ी मेहनत कर संस्था को लाभ दिलाने वाले श्रमिक आज खुद बदहाली में जी रहे हैं। अधिकारी केवल कमाई को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे श्रमिकों का जीना दूभर हो गया है।

## मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पताल को मिले दो-दो शव वाहन

**शहडोल।** जिले को लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा चार नए शव वाहन प्रदान किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने बताया कि इनमें से दो वाहन मेडिकल कॉलेज शहडोल तथा दो वाहन जिला अस्पताल शहडोल को आवंटित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इन शव वाहनों का उपयोग सिर्फ जिले की सीमा के भीतर किया जाएगा तथा केवल **शासकीय अस्पतालों में मृत्यु उपरांत शवों को अस्पताल से श्मशान घाट तक पहुँचाने हेतु सेवा प्रदान की जाएगी।



सेवा के लिए ये अधिकारी रहेंगे जिम्मेदार शव वाहनों के संचालन के लिए डॉ. अनसुमान सोनारे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आवश्यकता पडऩे पर निम्नलिखित अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है।

डॉ. अनसुमान सोनारे (नोडल अधिकारी)- 79994 75657
सिविल सर्जन एवं जिला अस्पताल अधीक्षक-94246 46797
108 एम्बुलेंस सेवा जिला समन्वयक श्री नौसाद हसन- 9528019937

इन शव वाहनों का संचालन 108 एम्बुलेंस इमरजेंसी सेवा के माध्यम से किया जाएगा। यह सेवा केवल शासकीय अस्पतालों से शवों के परिवहन के लिए ही उपलब्ध होगी। निजी चिकित्सालय, निवास स्थल अथवा किसी अन्य स्थान पर हुई मृत्यु के मामलों में शव वाहन उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे।



## महिला मंडल ने किया सावन महोत्सव का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** अग्रवाल समाज महिला मंडल द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन अग्रसेन धाम में किया गया। इस दौरान महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अग्रवाल समाज की महिलाओं द्वारा कावड़ थीम का आयोजन किया गया। सभी महिलाओं द्वारा सामूहिक नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में धार्मिक एवं प्राकृतिक महत्ता को लेकर सावन क्वीन प्रतियोगिता आयोजित की गई। उत्सव को और विशेष बनाने के लिए सावन गीत माला में महिलाओं ने पारंपरिक और आधुनिक परिधानों में अपनी प्रस्तुति दी। फोटो बूथ पर सावन थीम के अनुसार विशेष सजावट की गई थी। सावन महोत्सव के दौरान विभिन्न प्रकार के स्टाल में लगायें गये थे। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं के द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

## पाली जर्जर भवन में संचालित हो रहा महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय, 30 साल पहले बना था भवन भगवान भरोसे बैठे हैं अधिकारी








बिरसिंहपुर पाली

उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय, का भवन बने लगभग 30 वर्ष होने वाला है। जो अब पूरी तरह से जर्जर हो गया हैं जगह जगह से दीवार दरारे आ गई हैं। इस कार्यालय में आये दिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो का यहाँ आना जाना बना रहता है। जब कि इस जर्जर भवन की जानकारी जिले के अधिकारियों को है भी लेकिन आख़रि इस जर्जर भवन की सुध कब लेंगे। यहाँ पर कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी जान जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं ऊपर छत के छज्जे टूटकर गिरने लगे हैं। इसका मतलब है कि कार्यालय जिस भवन में स्थित है, वह ठीक हालत में नहीं है, और संभवतः मरम्मत या नवीनीकरण की आवश्यकता है।

# कारगिल विजय दिवस सहित विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



जयसिंहनगर।

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के सौजन्य से कारगिल विजय दिवस एवं लोकमान्य तिलक, चंद्रशेखर आजाद जयंती दिवस विशेष पर 23 से 30 जुलाई 2025 तक पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर में चल रहे साप्ताहिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सादर आमंत्रित भारतीय सेना से सेवानिवृत हवलदार सम्माननीय गणेश दत्त मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष जयसिंहनगर जयश्री कचेर एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी मंच पर उपस्थित रहे। सम्माननीय अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, राष्ट्र नायक लोकमान्य तिलक एवं शहीद चंद्र शेखर आजाद के समक्ष द्वीप प्रज्वलित किया गया। अतिथियों का स्वागत शॉल श्रीफल के साथ किया गया । मुख्य वक्ता के रूप में गणेश दत्त मिश्रा ने अपने पूरे सेवा काल में देश के प्रति की गई सेवा एवं संघर्षपूर्ण अनुभव महाविद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं व सदन में उपस्थित सम्मानित जनों के साथ साझा किया। महाविद्यालय में अध्यनरत समस्त छात्र-छात्राओं को भारतीय सेवा में सेवा हेतु प्रेरित किया तथा सेवा में भर्ती प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देकर उन्हें प्रोत्साहित किया। मंडल अध्यक्ष जयश्री कचेर द्वारा सभी छात्र छात्राओं को भारतीय सेना के महत्व एवं सेना में सेवा के लिए प्रेरित किया गया । कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं महाविद्यालय के संरक्षक व प्राचार्य डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी द्वारा कारगिल युद्ध पर जानकारी देते हुए आए हुए सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद कैरियर प्रकोष्ठ की संयोजक डॉक्टर प्रमिला वास्केल , सहसंयोजक डॉ. अर्चना जायसवाल, डॉ.गजेंद्र परते, डॉक्टर उत्तम सिंह, डॉक्टर लवकुश दीपेंद्र, डॉक्टर यदुवीर मिश्रा, डॉक्टर जसीम अहमद, डॉक्टर मुनौवर अली, डॉक्टर प्रीति कुशवाहा, डॉक्टर रागिनी गुप्ता, डॉ मुकेश सिंह, दीपक रानी मिश्रा सहित महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं सक्रिय रूप से सहभागी रहे। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन डॉक्टर प्रमिला वास्केल व आभार कार्यक्रम संयोजक क्रीड़ा अधिकारी दिलीप कुमार शुक्ला द्वारा ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रोफेसर विवेक पाठक द्वारा किया गया ।

**हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग**

## सामान्य प्रशासन विभाग ने दिए निर्देश, 8 से 15 अगस्त तक तीन चरणों में होगा आयोजन

**शहडोल।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति और स्वच्छता के संदेश को एक साथ जन-जन तक पहुंचाने हेतु मध्यप्रदेश में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान चलाया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार यह अभियान तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें नागरिक भागीदारी, सांस्कृतिक गतिविधियों और स्वच्छता के प्रयासों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**पहला चरणः 8 अगस्त तक -** अभियान के पहले चरण में देशभक्ति का माहौल सृजित करने हेतु विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। इसमें तिरंगे पर आधारित सार्वजनिक चर्चाएं, तिरंगा प्रदर्शनी, रंगोली, राखी निर्माण, बुनाई, प्रश्नोत्तरी, सजावट, रोशनी व्यवस्था, सैन्य बलों व पुलिसकर्मियों को पत्र लेखन जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। स्कूली बच्चों और स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

**दूसरा चरणः 9 से 12 अगस्त तक -** इस चरण में जनजागरूकता और जनभागीदारी को बढ़ावा देने हेतु तिरंगा यात्रा, तिरंगा बाइक/साइकिल रैली, तिरंगा गान, मानव श्रृंखला, केसर्ट, मेला और ध्वज वितरण जैसे कार्यक्रम होंगे। साथ ही स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने वाले तिरंगा मेलों का भी आयोजन किया जाएगा।

**तीसरा चरणः 13 से 15 अगस्त तक -** अंतिम चरण में प्रत्येक घर, कार्यालय और वाहन पर तिरंगा फहराया जाएगा। नागरिकों को तिरंगा के साथ सेल्फ़ी अपलोड करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस दौरान संस्कृति मंत्रालय के साथ सूचनाओं का सतत आदान-प्रदान भी किया जाएगा। यह अभियान केवल देशभक्ति तक सीमित न रहकर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और जल जीवन मिशन से भी जुड़ा है। केंद्रीय पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से चल रहे इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में *सुरक्षित जल आपूर्ति, प्रभावी स्वच्छता और स्वास्थ्य* के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

ग्राम पंचायतों में होंगे विशेष कार्यक्रम - गांवों में स्वच्छ सुजल गांव प्रतिज्ञा सामुदायिक सफाई अभियान, परिसंपत्तियों की सफाई, जल संरक्षण गतिविधियां एवं 15 अगस्त को अमृत सरोवर और सार्वजनिक स्थलों पर ध्वजारोहण जैसे प्रतीकात्मक आयोजन होंगे। यह ग्रामीण स्वच्छता और गरिमा का प्रतीक होंगे। अभियान में जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर स्थानीय संस्थाएं, जल सेवा समितियाँ, स्वयं सहायता समूह, पंचायती राज संस्थाएं, स्कूली बच्चे, फ्रंटलाइन वर्कर आदि की भागीदारी को अनिवार्य रूप से जोड़ा जाएगा। सभी संबंधित विभागों को सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## पुलिस की लगातार कार्यवाही से अपराधियों मेa हड़कंप

# सफेदपोश माफियाओं एवं दलाल प्रवृति के लोग फैला रहे भ्रामक अफवाह

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/कोतमा।

पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन एवं एएसपी इसरार मंसूरी, एसडीओपी आरती शाक्य के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला व पुलिस टीम लगातार अपराधियों एवं अपराध पर कार्यवाही की जा रही है। लगातार कार्यवाही से जहां अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है वहीं सफेदपोश माफियाओं एवं दलाल प्रवृति के लोगों द्वारा पुलिस की छवि धूमिल हेतु भ्रामक अफवाह भी फैलाई जाने लगी है।



अंतर्राज्यीय स्तर पर जुआ खिलाने एवं खेलने वाले आरोपियों के कब्जे से 3 लाख 50 हजार रुपए जप्त करते हुए कार्यवाही की गई है। लगातार जुआ, सट्टा, मादक पदार्थ गांजा, नशीली सिरप सहित कबाड़ चोरों एवं नामी गुंडा बदमाशों पर हो रही एक के बाद एक कार्यवाहियों से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं कुछ आपराधिक प्रवृत्ति के सफेदपोश एवं दलालों के द्वारा द्वारा अफवाह भी फैलाना शुरू कर दिए हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा एवं अपराधों पर नियंत्रण हेतु थाना क्षेत्र में रात 11 बजते ही हाईवे के ढाबों एवं दुकानों को बंद करने का आदेश दिया गया है। जिसके उल्लंघन पर लगातार कार्यवाही की गई है।दो दर्जन से ज्यादाअवैध शराब के अड्डों पर दबिश देते हुए अवैध शराब बिक्री करने वाले सहित सार्वजनिक स्थान पर शराबखोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### गांजा एवं नशीली दवाओं पर प्रहार

थाना प्रभारी के द्वारा आते ही माफियाओं एवं मादक पदार्थ के खिलाफ व्यापक कार्यवाही शुरू कर दी गई है। मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की सीमा खोडरी से 5 लाख के गांजे के साथ कई आरोपियों को दबोचा गया वही बीच बाजार मादक पदार्थ बिक्री किए जाने पर महिला आरोपी के साथ अन्य तस्करों को गिरफ्तार करने की कार्यवाही की गई। दो दिनों पूर्व ही कॉलरी क्षेत्र में नशीली सिरप की बिक्री कर रहे आरोपी से नशीली दवाओं को जप्त करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को सलाखों के पीछे भेजा गया।

### जुआ, सट्टे पर कार्यवाही से बेचैनी

पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र के बड़े जुआरियों एवं सटोरियों के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर बड़ी रकम भी जप्त की जा रही है। हाल में ही जहां पुलिस के द्वारा नामी जुआरी कमलेश गुप्ता के फड़ में छापा मारते हुए 10 जुआरियों को दबोचा गया वहीं शहडोल जिले से नामी फड़बाजो के द्वारा कोतमा में हाईटेक जुआ खेलने पर 3 लाख 50 हजार रुपए की नगदी रकम के साथ लग्जरी कर को जप्त कर कार्रवाई की गई। थाना क्षेत्र में अपराधी बेलगाम हो चुके थे जिनपर कानून का भी खौफ नहीं रहा आलम यह था कि अपराधियों द्वारा लहसुई गांव में कार्यवाही करने गई पुलिस को ही बंधक बनाकर हमला कर दिया गया था। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना प्रभारी के द्वारा आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### गुंडा बदमाशों की होने लगी परेड

जिले के प्रमुख नगर में जहां अपराधी व अपराध बढ़ते जा रहे थे वहीं उच्च अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी द्वारा अपराधियों में कानून का भय बनाए रखने के लिए थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर गुंडा, बदमाशों को बुलाते हुए लगातार परेड कराई जा रही है साथ ही उनके गतिविधियों की जानकारी एकत्र करते हुए अपराध न करने की सख्त हिदायत दी गई है। कोतमा थाना क्षेत्र में गैंग बनाकर रंगदारी वसूलने का भी गिरोह सक्रिय है। नगर के व्यापारियों सहित अन्य लोगों से गैंग बनाकर रंगदारी मांगने वाले आदतन बदमाश अतुल मिश्रा पर भी कार्यवाही करते हुए लगातार गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। कई बदमाश थाना छोड़कर अन्यत्र ठिकाना बनाए हुए है। लंबे समय से फरार दुष्कर्म के आरोपी को दबोचने में पुलिस को सफलता पाई एवं आधा दर्जन में ज्यादा नाबालिग किशोरियों को प्रदेश के अलग-अलग जगह से दस्तयाब कर उनके परिजनों को सकुशल सोपा गया। 4 साल से फरार लापता दो लोगों को भी तलाश कर परिजनों से मिलाने की कार्रवाईकी गई। थाना अंतर्गत लगातार हो रही कार्रवाइयों से आमजन मानस व्यापारियों में पुलिस के प्रति विश्वास बड़ा है साथ ही पुलिस के उच्च अधिकारियों व थाना प्रभारी के कार्यों की आम जनता द्वारा सराहना की जा रही है।

## जिले को राज्य शासन से प्राप्त हुआ एक निःशुल्क शव परिवहन वाहन



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

अनूपपुर जिले में जिला अस्पताल के लिए निःशुल्क शव वाहन की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। शनिवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनूपपुर डॉ. आर.के. वर्मा ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये शव वाहन राज्य शासन द्वारा संचालित शासकीय संस्थाओं में रोगी अथवा दुर्घटना पीड़ति के उपचार के दौरान मृत्यु उपरांत मृतक को सम्मानपूर्वक उसके निवास स्थल या शमशान घाट तक निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाएंगे। वाहन जिले की सीमा के अंदर संचालित किए जाएंगे। सीएमएचओ डॉ. आर.के. वर्मा ने बताया कि प्रदेशभर में प्रारंभ की गई इस योजना के अंतर्गत कुल 148 शव वाहनों का संचालन किया गया है। यह पहल न केवल संवेदनशील प्रशासनिक दृष्टिकोण को दर्शाती है, बल्कि दुख की घड़ी में शोकाकुल परिवारों को राहत भी प्रदान करेगी प्रदेश सरकार की यह मानवतावादी सोच निश्चित रूप से सराहनीय और अनुकरणीय है। 108 एम्बुलेंस के जिला प्रबंधक अभिनय साहू ने बताया कि निःशुल्क शव वाहन जिला अस्पताल परिसर में उपलब्ध रहेगा और जिले के किसी भी शासकीय संस्था में जरूरत पड़ने पर जिला अस्पताल से वाहन पहुंचाया जायेगा और सुविधा प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. वर्मा, 108 एम्बुलेंस के जिला प्रबंधक अभिनय साहू, पायलेट परवेज़ खान, रामश्याम, दीपनारायण पाठक, ईएमटी अंकित नामदेव, चुम्मन प्रसाद सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जयनारायण अग्रवाल बने अग्रवाल समाज अनूपपुर के अध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** स्थानीय होटल गोविंदम में शनिवार रात 8 बजे अग्रवाल समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष की नियुक्ति के विषय पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समाज के संरक्षकों और वरिष्ठ सदस्यों की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि अध्यक्ष पद का चयन तत्काल किया जाए, जबकि अन्य पदों की नियुक्ति अग्रसेन जयंती के उपरांत की जाएगी। इस दौरान जयनारायण अग्रवाल उर्फ पप्पू भैया को सर्वसम्मति से अग्रवाल समाज अनूपपुर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर उपस्थित सभी सदस्यों ने उन्हें बधाइयां दीं और शुभकामनाएं प्रेषित कीं। पदभार ग्रहण करने के बाद पप्पू अग्रवाल ने भावुक होते हुए कहा यह मेरे लिए गर्व और भावुकता का क्षण है कि मुझे अग्रवाल समाज अनूपपुर का अध्यक्ष चुना गया।



आप सभी के विश्वास, सहयोग और स्नेह ने मुझे यह सम्मान दिया है इसके लिए मैं हृदय से आप सभी का धन्यवाद करता हूँ। उन्होंने आगे कहा यह पद मेरे लिए सिर्फ जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रति समर्पण का प्रतीक रहेगा। मैं पूरे समर्पण, निष्ठा और सकारात्मक ऊर्जा के साथ समाज की सेवा के लिए कार्य करता रहूँगा। आप सभी का साथ, मार्गदर्शन और आशीर्वाद हमेशा बना रहे यही मेरी कामना है। समाज के कई गणमान्यजन, वरिष्ठजन और युवा सदस्य इस बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में अग्रसेन जयंती आयोजन की भी रूपरेखा पर चर्चा हुई।

# सर्वजन सुखाय संस्था द्वारा मनाया गया सावन उत्सव

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले के आस्था होटल में नारी सर्वजन सुखाएं संस्था द्वारा महिलाओं के मनोबल और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सावन उत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य आयोजिका संस्था की संचालिका पुष्पा पटेल रहीं। इस अवसर पर महिलाओं के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं ने फिल्मी गीतों पर नृत्य कर आयोजन को उल्लासमय बना दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया, जबकि अन्य सहभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। महिलाएं अपने घर-परिवार की जिम्मेदारियों में इतनी व्यस्त रहती हैं कि स्वयं के लिए समय निकालना उनके लिए कठिन हो जाता है। ऐसे आयोजनों का उद्देश्य उन्हें मानसिक आनंद, आत्मबल और सामाजिक मंच प्रदान



करना है, जिससे वे अपने अंदर की शक्ति और प्रतिभा को महसूस कर सकें। नारी सर्वजन सुखाएं संस्था महिलाओं के सर्वांगीण विकास, आत्मनिर्भरता और उनकी समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर कार्य कर रही है। इस कार्यक्रम में नगर की महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और संस्था की पहल की सराहना करते हुए इसे नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक प्रयास बताया।

# कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन अमरकंटक ने मनाया 28वां स्थापना दिवस

## उत्कृष्ट शिक्षा यात्रा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सम्मान समारोह के साथ हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

आध्यात्मिक नगरी अमरकंटक में रविवार को कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन विद्यालय ने अपना 27वाँ वर्षगांठ और 28वाँ स्थापना दिवस उत्साह एवं धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल मुख्य अतिथि, प्रबंधन्यासी हिमाद्रि मुनि महाराज तथा पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक की प्राचार्य अनुजा मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा मां वीणापाणी सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। विद्यालय परिवार ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

विद्यालय के विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। महिला सशक्तिकरण पर आधारित नृत्य-नाटिका 'द्रौपदी और सीता', भक्ति-प्रधान 'देवीमाई', 'शिवमहिमा' और उल्लासपूर्ण 'उत्सव नृत्य' ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही विद्यालय की विकास यात्रा पर आधारित संक्षिप्त डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसे देखकर सभी अतिथि एवं दर्शक गहराई से प्रभावित हुए। पूर्व प्राचार्य आर. एस. कुशवाहा ने विद्यालय की स्थापना कथा सुनाते हुए



बताया कि 3 अगस्त 1998 को परम पूज्य महाराज श्री कल्याण दास जी के आशीर्वाद से यह विद्यालय प्रारंभ हुआ था। उस समय विद्यालय में मात्र चार कक्षाएं, चार शिक्षक और 51 विद्यार्थी थे तथा मिडिल स्कूल स्तर तक ही शिक्षा दी जाती थी। अभिभावकों को प्रवेश के लिए प्रेरित करने हेतु आसपास के क्षेत्रों में जाना पड़ता था। महाराज श्री ने भविष्यवाणी की थी कि यह विद्यालय एक दिन वटवृक्ष बनेगा, और आज यह शिक्षा, संस्कार और संस्कृति का प्रमुख केंद्र बन चुका है। वर्तमान में यहाँ प्रवेश के लिए प्रतीक्षा सूची लगती है।

### प्रधानाचार्य ने किया संबोधित

प्रधानाचार्य कमलेश मिश्रा ने कहा कि यह विद्यालय केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि नैतिकता, मित्रता और जीवन मूल्यों का भी पाठ पढ़ाता है। उन्होंने इसे अपने लिए गर्व और सौभाग्य का क्षण बताया कि वे इस संस्थान में सेवा दे रहे हैं। ज्ञात हो कि कल्याण सेवा आश्रम के तत्वावधान में संचालित संस्थानों में कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन स्कूल, अमरकंटक, कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन स्कूल, राजेंद्रग्राम, मां कल्याणिका पब्लिक स्कूल, पेंड्रारोड (छत्तीसगढ़), कल्याणिका बी.एड. महाविद्यालय, अमरकंटक शामिल हैं। इसके अलावा राजनांदगांव में एक नया विद्यालय निर्माणाधीन है और भविष्य में अनूपपुर में भी विद्यालय खोलने की योजना है।

### यह रहे उपस्थित

मुख्य अतिथि सुधाकर सिंह बघेल ने कहा कि शिक्षा केवल अंकों तक सीमित न रहे, बल्कि विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र हित में योगदान भी होना चाहिए। विद्यालय की 27 वर्षों की यात्रा तप, साधना और सेवा का परिणाम है। समारोह के दौरान आर. एस. कुशवाहा, अलका शर्मा और चंद्र सिंह वंशवासी को मुख्य अतिथि द्वारा साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधन्यासी हिमाद्रि मुनि महाराज ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर अनुजा मिश्रा, आशीष शुक्ला, हिमाद्रि मुनि महाराज, जगदीशा नंद महाराज, हरस्वरूप दास महाराज, धर्मानन्द महाराज, व्ही. के. श्रीवास्तव, विनय उपाध्याय, कमलेश मिश्रा, अमित कुमार घोष, डॉ. श्रीराम त्रिपाठी, सुखदेव सिंह ग्रेवाल, अमित मेथवानी, श्रीकांत पांडे, चिन्मय साहू, शिल्पी भदौरिया, कविता बाघ, विनोद कुमार शुक्ला, डॉ. संतोष तिवारी, धनंजय तिवारी, उमाशंकर पांडेय, श्रवण उपाध्याय, सोमू दुबे, विपुल वर्मन, संजय श्रीवास, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थिति रहे।

# ढोल नगाड़े के साथ निकली बाबा भोलेनाथ की यात्रा



### आज नर्मदा जल लेकर ज्वालेश्वर में करेंगे जलाभिषेक

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिह मार्को के नेतृत्व में 3 अगस्त को प्रातः 10 बजे शंकर मंदिर राजेंद्रग्राम से विधायक सपरिवार एवं श्रद्धालु भक्तों ने भगवान शंकर की एवं भगवान नंदी की पूजा अर्चना की एवं तत्पश्चात बाबा भोलेनाथ के रथ में बाबा भोलेनाथ की प्रतिमा स्थापित की एवं अपने क्षेत्र के चहुंमुखी विकास, क्षेत्र की कुशलता, भलाई, उन्नति, सभी जन समुदाय के सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना भगवान भोलेनाथ से की। बाबा भोलेनाथ की दिव्य एवं भव्य पैदल यात्रा में विधायक स्वयं एवं हजारों श्रद्धालु भक्त कांवड़ियों ने ढोल धमाकों के साथ भजन, कीर्तन करते हुए, झूमते हुए यात्रा प्रारंभ की।जो की विभिन्न ग्राम, मजरा टोला होते हुए दोपहर में नोनघाटी पहुंची। जहां सभी भक्त जनों ने भोजन ग्रहण किया। भोजन के पश्चात बाबा भोलेनाथ की यात्रा पोड़की के लिए रवाना हुई। यात्रा शाम को पोड़की पहुंची। यहां पर रात्रि विश्राम के लिए रुक गई। बाबा भोलेनाथ की यात्रा प्रातः 6.00 बजे पोड़की से प्रस्थान कर मां नर्मदा मंदिर अमरकंटक जाएगी। जहां सभी भक्तजन मां नर्मदा की पूजा, अर्चना कर मां नर्मदा कुंड से नर्मदा जल लेकर जलेश्वर धाम जाएंगे। जहां भगवान भोलेनाथ का सभी लोग जलाभिषेक करेंगे एवं उसके पश्चात भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

# 13 करोड़ 40 लाख की लागत से तैयार शासकीय नर्सिंग कॉलेज को उद्घाटन का इंतजार




### अभी किराए के भवन में संचालित है कालेज, जिम्मेदारों ने साधा मौन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मानपुर मे बना शासकीय नर्सिंग कॉलेज पूरी तरह से तैयार होने के बाद भी इसका उपयोग नही किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक 13 करोड़ 40 लाख की लागत से बना शासकीय नर्सिंग कॉलेज अपने उद्घाटन की राह देख रहा है। जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते नवनिर्मित शासकीय नर्सिंग कॉलेज का आज तक उद्घाटन नही हो सका है। इसी से जिले के स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त भर्रेशाही की कल्पना सहज ही की जा सकती है, वही एक लाख रूपये महीने मे किराये के भवन मे संचालित नर्सिंग कालेज संचालित किया जा रहा है। ऐसे विरोधाभास से स्पष्ट होता है कि संबंधित विभाग के जिम्मेदार अपना जेब भरने के उद्देश्य से तैयार हो चुके भवन मे प्रवेश नही करना चाहते हैं। फण्ड का बहाना बनाकर जिम्मेदारों ने किनारा कर लिया है। जबकि महीनों पहले ही कार्य पूर्ण हो चुका है। तैयार शासकीय नर्सिंग कॉलेज भवन का उद्घाटन न होना साफ जाहिर करता है कि अधिकारियों द्वारा सरकारी रुपयों का किस तरह दुरुपयोग कर शासन की योजनाओं को पलीता लगाया जा रहा है। जबकि प्रदेश भर में ऐसे तीन या चार भवन बने हैं जो लगभग सब चालू हो गए हैं।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अंतिम तिथि बढ़ी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान जोखिमों की भरपाई हेतु भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित है, जिसमें ऋणी तथा अऋणी दोनो ही प्रकार के किसान भाई अपनी अधिसूचित फसलों का अधिसूचित क्षेत्र हेतु बीमा करा सकते है। ऋणी किसान भाई इस वर्ष बोई गई खरीफ फसलों का बीमा संबंधित बैंकों अथवा समितियों के माध्यम से करा सकते है। उपसंचालक किसान कल्याण ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2025 में अधिसूचित फसलों का फसल बीमा करने की अंतिम तिथि 14 अगस्त तक बढ़ाई गई है। उपसंचालक ने किसानों से अपील की है कि, खरीफ वर्ष 2025 में अधिसूचित फसलों का फसल बीमा अंतिम तिथि के पूर्व करा लेवे। उन्होंने अऋणी व कालातीत (एन.पी.ए.) कृषक भाईयो से अनुरोध किया है कि वे कॉमन सर्विस सेन्टर अथवा बैंक के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज ऋणपुस्तिका, बैंक पासबुक, आधारकार्ड तथा बटाईदार किसन आवश्यक दस्तावेज खोटनामा, ऋणपुस्तिका, बैंक पासबुक, आधारकार्ड एवं कृषि भूमि स्वामी का आधारकार्ड ले जाकर फसल बीमा करवा सकते है। फसल बीमा के संबंध में अधिक जानकारी के लिए के प्रतिनिधि अथवा भारत सरकार के कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाईन नम्बर 14447 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

### जिले में 6.1 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 6.1 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र बिजुरी में 23.8 मिली मीटर ,वेंकटनगर में 12.5 मिली, पुष्पराजगढ़ में 4.3 मिली मीटर तथा बेनीबारी में 8.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी तथा अमरकंटक में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

# पौधा रोपण कर मनाया उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल का जन्मदिन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला का तीन अगस्त को जन्मदिन अनूपपुर जिला विकास मंच ने पौधा रोपण करके मनाया और उन्हे शुभकामनाएँ प्रेषित की। अनूपपुर जिला विकास मंच से जुडे लोगों ने रविवार को पौधारोपण किया। श्री शुक्ला को राजेन्द्र तिवारी, मनोज द्विवेदी, राजकिशोर तिवारी, डा देवेन्द्र तिवारी, हरिशंकर वर्मा, विजय तिवारी, जीवेन्द्र सहित अन्य लोगों ने पीआरटी कालेज बर्री के प्रांगण मे आम का पौधा लगा कर जन्मदिन की शुभकामनाएँ प्रेषित की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री, लाखों लोगों के सुख दुख के साथी, आध्यात्मिक और जगत जननी मां जगदम्बा के सच्चे भक्त हैं। हम सभी यहां उपस्थित लोग विंध्य रत्न राजेन्द्र शुक्ला को जन्मदिन की हार्दिक बधाई, शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए मां नर्मदा जी से आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु जीवन और प्रसन्नता के लिये प्रार्थना करते हैं।

